# श्याम धणी तेरे नाम से गुजारा हमारा गुजारा हमारा

श्याम धणी तेरे नाम से, गुजारा हमारा गुजारा हमारा
रहे हमेशा हम भक्तो के, सिर पर हाथ तुम्हारा
श्याम धणी तेरे नाम से, गुजारा हमारा गुजारा हमारा

बिन मांझी के नैया, चलती दम पर तेरे
बिन बोले तू कान्हा, हरता दुखड़े मेरे
बिच भँवर में अटकी नैया, देता श्याम सहारा
श्याम धणी तेरे नाम से, गुजारा हमारा गुजारा हमारा

स्वारथ के संसार ने कितना मुझे सताया
शरण तिहारी जो पड़ा, तूने गले लगाया
उत्तर गया प्यासे जीवन मे, बन कर जल की धारा
श्याम धणी तेरे नाम से, गुजारा हमारा गुजारा हमारा

हर्ष तेरे चरणों में, हरदम रहे ठिकाना
भूल अगर होजाये, दिल से उसे भुलाना
तेरी कृपा बनी रहेगी यह विश्वास हमारा
श्याम धणी तेरे नाम से, गुजारा हमारा गुजारा हमारा

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19328/title/shyam-dhani-tere-naam-se-gujara-hamara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |